विविध गतिविधियां

मेट्रो स्टेशनों को किया गया सेनेटाइज

जासं, नोएडा : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) ने कोरोना वायरस से यात्रियों को बचाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए है। सभी मेट्रो से लेकर स्टेशनों तक सेनेटाइज का काम किया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि कोरोना वायरस से लड़ने व संक्रमण के स्तर को कम करने के लिए प्रतिदिन एनएमआरसी के स्टेशनों को सेनेटाइज किया जा रहा है। इसमें पब्लिक टचिंग के क्षेत्र जैसे एस्केलेटर, सीढ़ियां, रेलिंग, गेट, लिफ्ट के बटन के अलावा शौचालयों को भी साफ किया जा रहा है।

एनएमआरसी के स्टेशन को सेनेटाइज करता कर्मी • सौजन्य से एनएमआरसी